UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 20 छिपा रहस्य (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

कुछ करने को

प्रश्न 2.
निम्नलिखित कहानी को पूरा कीजिए एक चिड़िया के दो बच्चे थे। दोनों बच्चे अभी मात्र दो दिन के थे और बहुत ही भूखे थे। बाहर घनघोर बारिश हो रही थी और तेज आँधी चल रही थी ठंड के मारे बुरा हाल था।
उत्तर :
चिड़िया बेचारी सोच रही थी कि अपने बच्चों को खाना कैसे खिलाए। इतनी बारिश में उन्हें छोड़कर वह घोंसले से कैसे निकले । चिड़िया इसी चिंता में गुम थी कि पास के कोटर में बैठे मादा तोते ने आवाज लगाई। वह बोली "चिड़िया बहन किस चिंता में डूबी हो?" चिड़िया ने उदासी के स्वर में मादा तोते को सारी बात बताई। मादा तोते के पास अनार के कुछ दाने थे उसने कहा मेरे बच्चे तो सो रहे हैं। उन्होंने भरपेट खा लिया है। तुम ये अनार के दाने अपने बच्चों को खिला दो और स्वयं भी खा लो। चिड़िया ने मादा तोते को धन्यवाद किया और अपने बच्चों को अनार के दाने खिलाए।

विचार और कल्पना

प्रश्न 1.
यदि आपको कहीं घायल व्यक्ति मिले तो उसकी सहायता किस प्रकार करेंगे ?
उत्तर ;
यदि मुझे कोई घायल व्यक्ति मिलेगा तो मैं उसका प्राथमिक उपचार कसँगा और 102 नंबर पर फोन करके एम्बुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भेजने की व्यवस्था करूँगा।

कहानी से

नीचे दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए –

प्रश्न 1.
पियरे जिस छोटी सड़क पर दूध बाँटता था, उसका नाम था –

(क) मॉन्ट्रियल स्ट्रीट
(ख) जैक स्ट्रीट
(ग) कनाडा स्ट्रीट
(घ) एडवर्ड स्ट्रीट **(✓)**

प्रश्न 2.
जैक को पियरे के बुढ़ापे का पता तब चला, जब एक दिन पियरे –

(क) लँगड़ाता हुआ आया
(ख) धीरे-धीरे आया
(ग) एक आदमी का सहारा लेकर आया
(घ) लाठी के सहारे चलते हुए आया **(✓)**

प्रश्न 3.
पियरे ने रिटायर होने से इनकार कर दिया; क्योंकि –

(क) रिटायर होने की बात सुनकर उसे धक्का लगा था।
(ख) वह अपने प्यारे घोड़े जोजफ से रोज नहीं मिल सकता था। **(✓)**
(ग) वह अभी बूढ़ा नहीं हुआ था।
(घ) उसे दूध बाँटने का काम अच्छा लगता था।

प्रश्न 4.
पियरे अपने घोड़े का नाम सन्त जोजफ के नाम पर क्यों रखना चाहता था?
उत्तर :
सन्त जोजफ भले और परोपकारी थे; इसीलिए पियरे अपने घोड़े का नाम उनके नाम पर रखना चाहता था।

प्रश्न 5.
पियरे और जोजफ के बीच वह कौन-सी बात थी, जिसका रहस्य किसी को पता नहीं था?
उत्तर :
पियरे के अन्धेपन का रहस्य किसी को भी पता नहीं था।

प्रश्न 6.
पाठ वे आधार पर बताइए कि 'समूह 2' का कौन-सा शब्द समूह 1' के शब्द से सम्बन्धित है। उन शब्दों को चुनकर समूह 1 के सामने लिखिए –
उत्तर :

समूह '1'	समूह '2'	समूह '1'	समूह '2'
सुपरवाइजर	अस्तबल	आँख	मोतियाबिम्द
पियरे	टोपी	घोड़ा	जैक
25 साल	घोड़ा	एम्बुलेंस	डॉक्टर

प्रश्न 7.
कहानी का कौन सा अंश आपको सबसे अच्छा लगा और क्यों?
उत्तर :
कहानी का अंतिम अंश मुझे सबसे अच्छा लगा जब पियरे अपने घोड़े की मृत्यु की तकलीफ न सह सका और सड़क हादसे में स्वयं भी मारा गया।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 8.
कहानी के किस पात्र ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया? क्यों?
उत्तर :
पियरे ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया क्योंकि पियरे का चरित्र और स्वभाव बताता है कि वह अपने घोड़े से कितना प्यार करता है। वह जोजफ को अपना मित्र समझता है और उसके लिए बहुत ही संवेदनशील है। वह जोजफ से अत्यधिक स्नेह करता है। एक मनुष्य का एक पशु से इस तरह प्रेम करना दुर्लभ है।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए (शुद्ध करके) –
उत्तर :

शब्द	शुद्ध वर्तनी	शब्द	शुद्ध वर्तनी
अतिथी	अतिथि	तनखाह	तनख्वाह
मूँह	मुँह	दुसरे	दूसरे
कमपनी	कम्पनी	सुपरवाईजर	सुपरवाइजर
नोकरों	नौकरों		

प्रश्न 2.
नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए (लिखकर) –
उत्तर :

शब्द	पर्यायवाची शब्द	शब्द	पर्यायवाची शब्द
दूध	पय, दुग्ध, क्षीर	दुनिया	विश्व, संसार, जगत्
आँख	नेत्र, नयन, चक्षु	घोड़ा	अश्व, हय, तुरंग

प्रश्न 3.
नीचे लिखे वर्ग – क तथा वर्ग – ख के शब्दों में से एक-एक शब्द लेकर साथ-साथ प्रयोग में आने वाले विपरीतार्थी शब्दों के सही जोड़े बनाइए। उदाहरण = अपना-पराया (बनाकर) –
उत्तर :

शब्द	विलोम शब्द	शब्द	विलोम शब्द
हर्ष	विषाद	जय	पराजय
जड़	चेतन	सार्थक	निरर्थक
उन्नति	अवनति		

प्रश्न 4.
निम्नलिखित शब्द-युग्मों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –
उत्तर :

- **शब्द युग्म –** वाक्य प्रयोग
- **छोटी-छोटी –** छोटी-छोटी वस्तुएँ भी अपनी जगह महत्त्वपूर्ण होती हैं।
- **जीव-जन्तु –** जंगल में अनेक प्रकार के जीव-जन्तु होते हैं।
- **आस-पास –** घर के आस-पास रहने वालों को पड़ोसी कहते हैं।
- **कुछ न कुछ –** निठल्ला बैठने की अपेक्षा कुछ-न-कुछ करते रहना लाभदायक होता है।

प्रश्न 5.
निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –
उत्तर :

(क) जिसे दिखाई न देता हो। – **नेत्रहीन**
(ख) रोगियों को ले जाने वाली गाड़ी। – **एम्बुलेंस**
(ग) जहाँ घोड़े रखे जाते हैं। – **अस्तबले**
(घ) जिसकी कोई हद न हो। – **बेहद**

प्रश्न 6.
(क) इन शब्दों का अर्थ शब्दकोश से ढूँढ़कर लिखिए –
ख्याति, देहावसान, एम्बुलेंस, दिलासा, तनख्वाह
(ख) अब इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
उत्तर :

(क) **ख्याति** – प्रसिद्धि, **देहावसान** – मृत्यु
एम्बुलेंस – बीमारों का अस्पताल पहुँचाने वाला डॉक्टरी सुविधाओं से युक्त वाहन
दिलासा – सांत्वना, **तनख्वाह** – वेतन
(ख) **ख्याति** – उसकी ख्याति, देश-विदेश तक फैली है।
देहावसान – कल शर्मा जी के पिता का देहावसान हो गया।
एम्बुलेंस – एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजो।
दिलासा – ऐसी दुख की घड़ी में उसे दिलासा देने वाला भी कोई न था।
तनख्वाह – पिताजी की तनख्वाह महीने की पहली तारीख को आ जाता थी।

https://www.evidyarthi.in/